an>

Title: Regarding closing of INCAB company at Jamshedupur, and court case pending on the sale of the above company.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में बंद पड़े इनकैब इंडस्ट्री लिमिटेड से संबंधित के कुछ मुद्दे आपके सामने उठाना चाहता हूं। यह कंपनी वर्ष 1921 में जमशेदपुर शहर में स्थापित किया गया था। यह कंपनी प्रारंभ से वर्ष 1952 तक अच्छे लाभ के साथ एक अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी पहचान बना चुका था। लेकिन कुछ अधिकारियों के कुप्रबंध के परिणामस्वरूप कंपनी का दिनोंदिन पतन होने लगा। यह कंपनी बोर्ड ऑफ इंडस्ट्रीयल एंड फायनैंशियल रिकंस्ट्रक्शन, बीआईएफआर में भेजा गया। अंततः इसे 04.04.2000 में एक सीक कंपनी घोषित किया गया। इसके बाद बीआईएफआर ने उस कंपनी के पुनरूद्धार के लिए तीन कंपनियों को बोली के लिए आमंत्रित किया, जिसमें टाटा स्टील, आरआर केबल एवं पेगासेस असेस्ट्स रिकंस्ट्रक्शन ने भाग लिया। बीआईएफआर ने टाटा स्टील को सबसे अच्छा बीडर माना है। बीआईएफआर के इस निर्णय के खिलाफ शेष दो कंपनियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील किया। माननीय उच्च न्यायालय ने 27.05.2015 को इस याचिका की सुनवाई करते हुए निर्णय रिजर्व रखा। जिसके कारण लगभग् 3000 कर्मचारियों के परिवार दाने-दाने के लिए भटक रहे हैं। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि व्यापक मजदूर हित में इसपर कुछ विचार करें।

<u>13.00 hours</u>